RAJYA SABHA

———

Wednesday, the 17th July, 2002/26 Asadha. 1924 (Saka)

The House met at eleven of the clock,
MR. CHAIRMAN in the Chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Falling prices of Indian raw silk

* 41. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state :

(a) whether Government are aware of falling prices of Indian raw silk leading to fall in the prices of cocoon affecting farmers of silk production areas;

(b) whether Government of Karnataka has requested the Union Government for financial assistance to provide minimum support prices of silk growing farmers; and

(c) if so, the steps taken by Government to arrest the heavy import of China Silk ?

THE MINISTER OF TEXTILES (SHRI KASHIRAM RANA): (a) to (c) A statement is laid on the Table of House.

STATEMENT

(a) Yes Sir.

(b) Yes, the Central Silk Board (CSB) has received a request for financial assistance from the Karnataka Silk Industries Corporation (KSIC) for purchase of mulberry cocoons at reasonable prices to mitigate the hardship faced by sericulture farmers and CSB.has agreed to provide Rs. 1.50 crores.,

(c) Government has been closely monitoring the imports of raw silk and silk fabrics, and ihe prices of cocoons and raw silk in the main domestic market. Though quantity of imported raw silk has not gone beyond the estimated demand supply gap, in view of the increase in quantum over last year, the steadily declining prices, and its effect on the domestic market, Government has initiated investigations to ascertain if statutory provisions need to be invoked to raise tariff barriers.

SHRI K. RAHMAN KHAN: Mr. Chairman, Sir, the domestic silk prices have fallen by Rs. 500 per kilogram because of large-scale import of Chinese silk. The total silk production in the country is 13,000 tonnes. This year the total import of silk from China is roughly 7,000 tonnes. The import amounts to almost 50 per cent of India's total production. China is dumping silk into India to kill the Indian silk market. There are nearly, 1,20,000 hectares of mulberry plantation in the country. Three lakh agricultural families are involved in mulberry cultivation. There are 60,000 registered reelers in the country. More than half-a-million people are involved in this industry. Now this product has been brought under the OGL. The hon. Minister has stated in his reply that the prices had fallen and there was large-scale import of silk. But no remedy has been highlighted in his answer. I would like to know from the hon. Minister whether the Karnataka Government has asked for urgent intervention by the Centre to arrest the falling prices. Lakhs of farmers are shifting from mulberry cultivation to other things which would completely kill the domestic silk industry. The Karnataka Government has asked for financial assistance. The hon. Minister has stated that the Central Silk Board has agreed to provide a financial assistance of Rs. 1.5 crores to Karnataka. But it will not be, sufficient to buy even one tonne of silk. What are you going to do to control the fall in prices through market intervention? At least, an amount of Rs. 150 crores should be provided to the Karnataka Government through the Central Silk Board to see that the prices are stabilised and the farmers get remunerative prices. I would like to know whether the Central Government would provide adequate funds so that the prices are controlled.

SHRI KASfflRAM RANA: Sir, as the Hon. Member has rightly said, the import from China is nearly 7,000 tonnes. There is a gap between the demand and supply, which is nearly 10,000 tonnes. The silk production in our country is nearly 17,000 tonnes, whereas our requirement is nearly 26,000-27,000 tonnes. So, to fill up the shortage, we import silk from China under the OGL. There are many factors which are responsible for the fall in the prices of cocoons. There is a global recession leading to a fall in the silk market. Some time back, in China, the price was nearly 24-26 dollars. Now, it has come down to 14 dollars. The prices of raw silk and other things have come down in the international market. There is some slackness. So far as handlooms and other items are concerned, there is also some slackness. The Government is trying

to protect the. interests of the cocoon growers. The Government has done one thing. There is a proposal to increase the import duty from 30 to 40 per cent. This proposal is under consideration. This is being done in view of the fact that during this budget year the import duty on raw silk has been brought down from 35 to 30 per cent. The second thing which the Ministry has done is, as the hon. Member has said, we have agreed to give soft loan. It has been fixed at Rs. 1.5 crores. If the Government of Karnataka sends a scheme—there will be equal shares from the State Government and the Government of India we will definitely consider that scheme. Secondly, we have to protect the industry also. Today, the price of first-grade cocoon is Rs. 120/- or Rs. 130/-per Kg., and the price of third-grade cocoon is Rs. 100/- per Kg. We are also trying to protect the interests of the cocoon growers. The Government always tries to protect the interests of the growers.

SHRI RAHMAN KHAN: Sir, the Hon. Minister has said that the demand is for 26,000 tonnes and the production is 17,000 tonnes. Sir, it is an agriculture activity. They have got the potential to increase the production. What is happening now is, because of your policies the farmer is shifting from cocoon production and mulberry production. How are you going to meet this demand of 26,000 tonnes? Are you going to meet this demand only by import of Chinese silk? You have said that China is dumping it. This is the main point. In May 2001, China was giving it at 24.5 dollars. China is now giving it at 14.5 dollars. The fact is China is trying to kill our entire sericulture industry because China is the largest producer of silk and India is the second largest producer of silk. It is in the interest of China to kill the silk market of India. Now you have reduced the duty from 44 per cent to 34 per cents. You have reduced the duty by 10 per cent. You are treating silk as an industrial product. Silk is not an industrial product. Silk is associated with agriculture production. Cocoons are made through mulberry cultivation and then silk is reeled. So it should be treated on par with the plantation industry. You can impose a customs duty up to 300 per cent to protect the domestic industry. You have deliberately treated silk as industrial product. China is taking advantage of it. A lot of smuggling is taking place at the Bangladesh and Nepal borders and equal amount of silk in coming from those areas. Actually, there is a need to change the policy. It is not an industrial product. It is an agriculture product. China has reduced it from 24 dollars to 14 dollars. This itself is an indication

how China wants to dump it and then kill the sericulture industry here. While increasing the customs duty, will the Government of India treat silk on par with the plantation industry and increase the tariff in order to protect the domestic silk industry? Secondly, I fully agree with the hon. Member that the demand is more. But the Central Silk Bord should try to improve the quality of silk, apart from increasing the production. But nothing has been done to increase the production of silk. Sir, nearly one million people of this country are involved in silk production and if no interest is taken, then, this industry will suffer. Therefore, I would like to know whether there will be a policy shift to treat this industry as a plantation industry and whether the Government will consider Increasing the customs duty?

SHRIKASHIRAM RANA: Sir, first of all, I want to clear the stand of the Government of India. It is not correct that the Government is considering cocoon as an industrial product, but we are considering cocoon and raw silk as agricultural products. That is the policy of the Government of India. It is also not correct to say that the Government is not'taking any steps to increase the raw silk production. I can give you some figures which go to show that the production of raw silk in China has come down during the last five years. In 1996-97, their production was 68,500 tonnes whereas the production came down to 59, 800 tonnes in 2000-2001. The other thing is that the production of raw silk in our country is increasing. In 1996-97, the production was 14,126 tonnes whereas now, in 2001-02, it is 17,461 tonnes, These figures go to show that our production is increasing. The second thing is that the Ministry has developed a new technology called bivoltine technology. Mulberry, muga, eri and tassar are various kinds of raw silk. But we have also developed a new technology for bivoltine. The production at 300 tonnes of bivoltine cocoon has increased to 800 tonnes. And, under the National Textiles Policy, 2000, our target is to raise the total production to 32,000 tonnes. So, we are taking some steps to increase our raw silk production. So far as the tariff is concerned, as I mentioned just now, the proposal to restore the earlier tariff is under consideration.

श्री कलराज मिश्र: सभापति महोदय, अभी माननीय मंत्री जी ने जो प्रश्न का उत्तर दिया इसमें सिल्क के उत्पादन की कमी और मांग की बढ़ोतरी, दोनों को देखते हुए एक असंतुलन है । इसलिए क्या मंत्री जी सिल्क उत्पादक और उपभोक्ता, दोनो के हितो की रक्षा के लिए

कोई सुनिश्चित पॉलिसी बनाएंगे ? क्या इस संबंध में उन्होने कोई निर्णय किया है ? इसके अतिरिक्त जो वीवर्स है, जो बुनकर है उन्हे अपने उत्पादन का उचित दाम प्राप्त हो सके, इसके लिए क्या इन्होने कोई व्यवस्था की है ? इसी में महोदय, मै यह भी जानना चाहूंगा क्योंकि उत्पादन मांग की तुलना में कम है, इसलिए जो सिल्क का आयात हो रहा है, उस आयात के अंतर्गत क्या ड्यूटी को बढाने की दृष्टि से भी इस पर विचार करेंगे ? मंत्री महोदय कृपया बताने का कष्ट करें।

श्री काशीराम राणा . सभापति महोदय, माननीय सदस्य ने जो कहा, उसके संबंध में कोकून ग्रोअर्स, रीलर्स और रा सिल्क मैनुफ़ैक्चर्स एक ओर है तथा दूसरी ओर हमारी सिल्क इंडस्ट्री है। दोनो का इंटरस्ट, दोनो की प्रोग्रैस देखते हुए एक संतुलित नीति बनायी गयी है। इसका एक परिणाम यह है कि आज हमारा जो निर्यात है, चाहे सिल्क यार्न हो, सिल्क फ़ैब्रिक हो या सिल्क गारमेंट हो, जहां 1998-99 में यह करीब 1250 करोड़ का था, वहां 2001-2002 में अब यह बढ़कर 2235 करोड़ का हो गया है। सर, 2000-2001 में यह 2421 करोड़ का था और जैसाकि मैने पहले बताया कि इस साल कुछ रिसेशन होने की वजह से यह कम हुआ है लेकिन फ़िर भी हमारा निर्यात 2235 करोड़ का हुआ है। इसलिए जो मैन्युफ़ैक्चरर है, चाहे वह साड़ी बनाता हो, चाहे गारमेंट बनाता हो , चाहे यार्न बनाता हो, उसको भी इस देश में सिल्फ़ एफ़ॉर्डेबल प्राइस पर मिल सके, इसकी जो अपेक्षा है, वह सरकार के ध्यान मे है और इसे देखते हुए किसी प्रकार से कोकून ग्रोअर्स को उसका अच्छा दाम मिले, सरकार इस पर विचार कर रही है क्योकि हम चाहते है कि हमारे देश में कोकून और भी अधिक पैदा हो। दूसरी ओर हम इस इंडस्ट्री को मारने भी नही देंगे, इसलिए उसका प्रोटेक्शन कैसे हो, इस पर हम सोच रहे है । सर, पहले जब ओ.जी.एल.नही था, जब हम ओ.जी.एल. में इंपोर्ट नही करते थे, तब स्मग्लिंग बहुत होती थी लेकिन जब से ओ.जी.एल. आया तब से स्मग्लिंग बहुत ही कम हो गई है। इसलिए आज जो गैप है, उस गैप को फ़िल करने के लिए हम इंपोर्ट करते है लेकिन फ़िर भी हम देखते है कि हमारे ग्रोअर्स को कोई नुकसान न हो।

श्री संतोष बागड़ोदिया : धन्यवाद चेयरमैन साहब। हिन्दुस्तान में हमारी सिल्क इंडस्ट्री हजारो साल पुरानी है । मुझे बचपन की बात याद आती है जब बंगलादेश हमारे हिंन्दुस्तान का एक हिस्सा हुआ करता था, तब कहा जाता था कि सिल्क का पूरा थान एक अंगूठी में से निकाला जा सकता था। ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : वह मलमल होती थी।

श्री संतोष बागड़ोदिया : वह भी तो सिल्क ही था।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : यह सिल्क नही मलमल थी ।

श्री संतोष बागड़ोदिया : वह भी सिल्क का ही एक पार्ट है । आप तो रोज़ सिल्क पहनते हो ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया : वह ढ़ाका की मलमल थी , आपकी जानकारी के लिए बता रहा हूं ।

श्री संतोष बागड़ोदिया . सभापति महोदय, सिल्क इंडस्ट्री ओवरऑल बहुत पुरानी इंडस्ट्री है । यह इंडस्ट्री अगर हिंदुस्तान में नीचे जा रही है, तो यह बहुत दुख का विषय है । अभी मंत्री जी ने बताया कि टोटल प्रोडक्शन बढ़ गया है या बढा रहे है, तो टोटल प्रोडक्शन बढ़ना एक अलग बात है लेकिन मै जानना चाहता हूं कि प्रोडक्टिविटी कैसे बढ़ेगी ? मैने सुना है कि चीन मे एक कोकून में से जितना सिल्क निकलता है, उससे आधा सिल्क हिंदुस्तान में एक कोकून से निकलता है । तो प्रोडक्टिविटी का तरीका आप कैसे बढ़ाएंगे, इसकी जानकारी हमे दीजिए । दूसरी बात यह बड़े इनह्यूमन तरीके से निकाला जाता है, इसका भी कोई रास्ता आप सोचें जिससे कि उनको जो तकलीफ़ होती है, वह कुछ कम हो ।

श्री काशीराम राणा . सभापति जी, अभी माननीय सांसद ने कहा कि हमारी जो सिल्क इंडस्ट्री है, वह नीचे जा रही है तो मेरा कहना यह है कि वह नीचे नही जा रही है । हम सिल्क इंडस्ट्री को ऊपर उठा रहे है और इसके लिए जो भी जरूरी फ़ंड उसको देना है या जो जरुरी स्कीम्स बनानी है, वे स्कीम्स हम बनाते रहते है । जैसे कि मैने फ़िगर्स दी है, इसी प्रकार से हमारा एक्सपोर्ट भी बढ़ता है, इंडस्ट्री में अधिक रोजगार का निर्माण भी हम कर सकते हैं और दूसरे जो हमारे कोकून ग्रोअर्स है । और अच्छी क्वालिटी का कोकून कैसे बने, इसके लिए हम उनको प्रोत्साहित करते रहते है । जहां तक माननीय सदस्य ने प्रोडक्टिविटी का सवाल उठाया है, तो जब हमने नेशनल टेक्स्टाइल पालिसी, 2000 बनाई तो उसमे हमने बहुत क्लीयरली कहा है और उसके मुताबिक हम आगे भी स्कीम बनाकर चल रहे है कि अभी हमारी प्रति हेक्टेयर प्रोडक्टिविटी 90 किलोग्राम है । उसकी हम 2010 मे बढाकर 290 किलोग्राम तल ले जाना चाहते है । जहां तक बाइववोल्टाइन का सवाल है,। अभी वह 70 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है, उसको बढ़ाकर हम 185 किलोग्राम तक ले जाएंगे । हम अपनी प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के बारे में बहुत ही चिंतित है और इतना ही नही कम से कम जगह पर ज्यादा उत्पादन कैसे बढ़े इसके लिए भी सरकार की ओर से प्रयास हो रहे है ।

श्री प्रेम गुप्ता : वे क्या प्रयास है, आप क्यों नही बताते ? ...(**व्यवधान**)... क्या प्रयास कर रहे है वह बताइए।

SHRI S. R. BOMMAI: Sir, 70 per cent of the silk grown in this country comes from Karnataka. I am sure the hon. Minister is aware that it is an employment-oriented agricultural activity. Most of the people who get employment in this industry are the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. As has been pointed out by Shri K. Rahman Khan, more than one million people are employed in this industry. Now, because of the fall in prices and the import of silk from China, people engaged in this industry are shifting to other crops. Sir. I request the Minister to spell out the efforts which are being taken by them,क्या है आपका प्रयास? Let the House know the details. Would the hon. Minister give the details?

SHRI KASHIRAM RANA : Sir, the hon. Member has rightly said that 70 per cent of the raw silk in the country is produced in Karnataka. I am fully aware of it. सभापति जी, सवाल है कि हमारा जो कोकून ग्रोअर है, वह पैदाइश से शिफ़्ट न हो। इसके लिए जो प्रयास हो रहे है, ये जिसकी जानकारी चाहते है, इसके लिए हमने 10th प्लान में अलग-अलग स्कीमें-पेश की जिसकी मंजूरी अप्रूवल भी दे दी। करीब 450 करोड़ रूपये स्कीम, डेवलपमेंट, रिसर्च और टैक्नोलाजी के लिए दिए है। Sir, in the Ninth Plan, this figure was approximately Rs. 350; but in the Tenth Plan, it has been increased to Rs.450 crores. I would like to inform the House one more thing. Under the Central and Centrally-Sponsored Schemes, the Central Silk Board helps the State Governments and the beneficiaries by way of grants-in-aid and technology support for qualitative and quantitative enhancement in the production of silk, सर, इसके अलावा सी एसबी की ओर से एक्सटर्नली एडिड प्रोजेक्टस भी चल रहे है और सेरी कल्चर एक्टिविटी भी चल रही है। मै पूरे ब्यौरे की डिटेल में नही जाना चाहता। आप कहे तो मै इसे टेबल पर रख देता हूं।

प्रो. रामगोपाल यादव: श्रीमान अर्थशास्त्र में मैने यह पढ़ा था कि अगर डिमांड ज्यादा हो और सप्लाई कम हो तो कीमत बढती है। लेकिन यहां डिमांड ज्यादा है और सप्लाई कम है और कीमते घट रही है। आखिर यह कौन सा नियम और कानून है ? कभी दुनिया में ऐसा हो सकता है ? सिर्फ़ स्मग्लिंग के जरिए और इम्पोर्ट के जरिए चाइना स्लिक आ रही है। इसी वज़ह से हिंदुस्तानी सिल्क की कीमत गिर रही है। तथ्य यह है कि यह कौन-सा नियम और कानून है, माननीय उपप्रधान मंत्री जी आप यहां बैठे हुए है। सारी

दुनिया जानती है कि डिमांड अगर ज्यादा है। आपूर्ति कम है तो कीमत बढ़नी चाहिए, सारी कीमत घट क्यों रही है। मै काशीराम राणा जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या अर्थशास्त्र का सिध्दांत फ़ेल हो गया है ?

श्री काशीराम राणा : सर,जहां डिमांड और सप्लाई और उसकी वैल्यू यानी प्राइसेस हो इसकी अगर पूरा इकनोमिकली देखे तो इसकी कास्ट जितनी ज्यादा बढ़े हम भी मानो इम्पलीमेंट करें या उसे चलने दे क्योकि जैसे मैने कहा ....(**व्यवधान**)...

प्रो. रामगोपाल यादव . आप स्मग्लिंग रोक दीजिए कीमत ठीक हो जाएगी।

श्री काशी राम राणा . सर मैने इस संबंध में कहा है कि जो स्मग्लिंग होती थी उसको रोकने में बहुत सारी सफ़लता हासिल की है। ओ.जी.एल. मे आयात करने से हुई है लेकिन इसका ज्यादा असर हमने कोकून ग्रोअर्स पर नही होने दिया है। उसे अच्छी कीमत मिले , अच्छी प्राइस मिले इसका हमने ध्यान रखा है।

श्री मोती लाल वोरा . माननीय सभापति जी मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि सन 1996 से सन 2001 तक, जैसा कि इन्होने बतलाया है कि रॉसिल्क के प्रोडक्शन में करीब 3000 मीट्रिक टन की बढ़ोतरी हुई है , माननीय मंत्री जी ने अभी बहुत सी योजनाओं की जानकारी दी है लेकिन क्या माननीय मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि चाइना से जो सिल्क आ रहा है उस सिल्क पर आपने जो इम्पोर्ट ड्यूटी घटा दी है उसे बढ़ाने की दिशा में आप क्या कार्यवाही कर रहे है ?

दूसरी बात यह है कि देश में इसे उधोग नही माना गया है क्योंकि एग्रीकल्चर का मामला है। पिछले पांच वर्षो में इस खेती की बढ़ोतरी के लिए अभी आपने कहा कि 450 करोड़ रूपये रिसर्च के लिए आपने अवंटित किए है बहुत अच्छी बात है लेकिन आप यह देख रहे है कि इसके उत्पादन में लगातार कमी आ रही है। जब उत्पादन में इतनी कमी आ रही है तो क्या अभी तक आपने इस बात पर कोई निर्णय लिया है, मै आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि जहां से इसकी स्मग्लिंग होती है आपने कहा कि आपने स्मग्लिंग सरकार को रोकने का प्रयास किया है, अगर शासन की जानकारी में स्मग्लिंग हो रही है तो कानून के हाथ तो लंबे होते है तब सरकार क्यों नही जहां से स्मग्लिंग हो रही है उसे रोकती है। चाइना आने वाला सिल्क करीब 14000 टन से अधिक का आपने बतलाया है इतना सिल्क हमारे देश में आता है हमारी मांग ज्यादा है उत्पादन कम है और मांग और उत्पादन के साथ-साथ जो सपोर्ट प्राइस है मै समझता हूं कि अगर किसान को सपोर्ट प्राइस मिले तो किसान को और किसी भी राज्य सरकार को आपसे आर्थिक अनुदान मांगने की आवश्यकता नही होगी।

सपोर्ट प्राइस पर अगर आपका किसान अपने रॉ सिल्क को नही बेच पा रहा है तो कृपया आप सपोर्ट प्राइस तय कर लीजिए और अगर तब भी सिल्क उस सपोर्ट प्राइस पर न बिके तब केन्द्र सरकार को कार्यवाही करनी चाहिए । मेरी सीधा प्रश्न है कि एक तो चाइना सिल्क का जो इम्पोर्ट हो रहा है उस पर तत्काल रोक लगाने के लिए आप क्या कदम उठा रहे है ? आप उसकी कस्टम ड्यूटी, जो भी आपकी ड्यूटी हो उसे बढ़ा दिजिए ताकि हिंदुस्तान का किसान अपने रॉ सिल्क के उत्पादन में खड़ा हो सके । माननीय सभापति जी आपने इससे विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकते है । आपने 2235 करोड़ रूपये की विदेशी मुद्रा रॉ सिल्क से अर्जित नही की । आपने दूसरा कपड़ा, जो यहां से निर्यात किया है उससे अर्जित की है लेकिन आप यह बता नही सकते क्योंकि जब हमारा उत्पादन कम है तो हम निर्यात क्या करेंगे । चाइना सिल्क के कारण आज जो निर्यात की स्थिति बनी हुई है उसे रोकने की दिशा में और हमारे अपने देश के लाखों किसानो के लिए, सभापति महोदय, आज छत्तीसगढ़ बन गया है, मुझे मालूम है कि उसके बस्तर जिले में बहुत बड़ी तादाद में कोकून का उत्पादन होता है । वहां भी इसी प्रकार की हालत बनी हुई है कि आज सिल्क की कीमत दिनोदिन घटती जा रही है । बाहर से जो सिल्क आ रहा है वह इतना सस्ता है कि आदमी हिंदुस्तान के रॉ सिल्क को नही खरीदना चाहता है । मै यह माननीय मंत्री जी से इसके बारे में जानना चाहता हूं ।

श्री काशीराम राणा . सभापति जी, जैसाकि माननीय सदस्य ने बताया कि चाइना से करीब 14,000 मीट्रिक टन सिल्क हमारे यहां आता है । यह बात सही नही है । हमारे यहां करीब 7,000 मीट्रिक टन सिल्क का आयात हुआ है । दूसरी बात जैसी उन्होंने चाही वैसा ही है । जो इम्पोर्ट ड्यूटी अभी इस बज़ट में कम की थी वह फ़िर से रेस्टोर करने के प्रपोजल पर हम विचार कर रहे है । अभी जो इम्पोर्ट ड्यूटी है वह करीब 35.5 परसेंट है । वह रेस्टोर होने से करीब 44.4 परसेंट हो जाएगी । सर, एक बात और भी मै सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि जो इम्पोर्ट होता है इसका ज्यादा इफ़ेक्ट हमारे कोकून के प्राइस पर नही है लेकिन जो वैल्यू एडीशन का बेनीफ़िट इस देश को मिल रहा है। जो आज 2400 करोड़ का निर्यात करके इस देश को हम विदेश मुद्रा देते है, सर, अगर बिल्कुल इम्पोर्ट नहीं हो तो इस वेल्यू एडिशन का लाभ देश को कमी नहीं मिलने वाला है तो आज जो 24,00 करोड का निर्यात है उसके सामने हमारा जो इम्पोर्ट है, चाहे वह रॉ सिल्क में हो, चाहे हमारे यार्न में हो या किसी और चीज़ में हो लेकिन जो आयात होता है उसमें करीब साढ़े पांच सौ करोड़ रुपया इस देश को देना पड़ता है तो वैल्यू एडीशन का जो लाभ मिलता है वह इम्पोर्ट से मिलता है । फ़िर भी मै आपकी बात से सहमत हूं कि हमारा जो एग्रीकल्चर प्रोडक्ट है उसमें हम कंसीडर करते है, जो कोकून

ग्रोअर्स है, मैनुफ़ैक्चर्स है उन पर कोई एडवर्स इफ़ेक्ट न हो इसका ध्यान रखते हुए हम, जो आयात होता है वह करते है ।

सर, एक बात और भी बताऊगा कि जो स्मग्लिंग पहले होती थी वह अब नही होती है । मैं फ़िर से कहना चाहूंगा कि आज जो सरकारी नीति अपनायी है इसके कारण स्मग्लिंग बहुत कम हो गयी है और यह भी मै मानूंगा कि अब स्मग्लिंग होने की कोई संभावना नही है ।

MR. CHAIRMAN: We have spent half-an-hour on this question.

SHRI K. RAHMAN KHAN: Sir, this is very important subject. ... *(interruptions)* ... I request that Half-an-hour Discussion may be allowed on this subject.

MR. CHAIRMAN: All right.

Rural Development Projects

* 42. SHRI MOOLCHAND MEENA †:

SHRI NANA DESHMUKH:

Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Union Minister has expressed displeasure at the slow implementation of rural projects by States despite adequate allocation of funds by the Union Government;

(b) if so, whether after a review focusing on the Southern States, the Minister found that despite a positive response from several States to the Centre's pica for more transparency, the situation at the village level continues to be unsatisfactory;

(c) if so, which are the States where there has been slow progress in rural projects; and

(d) what are the suggestions made by the Union Government to the States to implement the rural development schemes vigorously?

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI SHANTA KUMAR): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

† The question was actually asked on the floor of the House by Shri Moolchand Meena.